# तेरे सिवा कुछ नहीं चाहिए | By Dheeraj Bawra

जिसने सूरत तेरी देख ली सांवरे
उसको तेरे सिवा कुछ नहीं चाहिए
प्यार तेरा जिसे मिल गया सांवरे
उसको दुनिया की दौलत नहीं चाहिए
जिसने सूरत तेरी देख ली सांवरे
उसको तेरे सिवा कुछ नहीं चाहिए

इस दिल की नहीं कोई हसरत मेरे
मैं रहूँगा आपका आप हर दम मेरे
आपके नाम से ज़िन्दगी है मेरी
आपके बिन ना ये ज़िन्दगी चाहिए
प्यार तेरा जिसे मिल गया सांवरे
उसको दुनिया की दौलत नहीं चाहिए
जिसने सूरत तेरी देख ली सांवरे
उसको तेरे सिवा कुछ नहीं चाहिए

तेरे दर के सिवा बेसहारा हूँ मैं
मुझको अपना लो मोहन तुम्हारा हूँ मैं
मेरे घर का पता हो गली आपकी
कोई दूजा ठिकाना नहीं चाहिए
प्यार तेरा जिसे मिल गया सांवरे
उसको दुनिया की दौलत नहीं चाहिए
जिसने सूरत तेरी देख ली सांवरे
उसको तेरे सिवा कुछ नहीं चाहिए

बावरे दिल की विनती को सुन लीजिये
अपने दासों में मुझको भी चुन लीजिये
सूर रसखान मीरा ने पाया था जो
तेरा वो ही नज़ारा मुझे चाहिए
प्यार तेरा जिसे मिल गया सांवरे
उसको दुनिया की दौलत नहीं चाहिए
जिसने सूरत तेरी देख ली सांवरे
उसको तेरे सिवा कुछ नहीं चाहिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%bf%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%9b-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%8f-by-dheeraj-ba/